तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026



10 महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



11 वर्षगांठ बनी सेवा का उत्सव 'डॉक्टर चाय वाला' ने...






## खबर संक्षेप



### विधायक ने शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना

**बस्तर/भोण्ड/घाटलोहंगा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ग्राम पंचायत कुदालगांव स्थित इंद्रावती नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक उपजास शिव मंदिर एवं मधोता के ऐतिहासिक नदिया बैल शिव मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक कर पूजा-अर्चना कर दर्शन किए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र, गांव एवं समस्त ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, बालेश दुबे, छवि कुमार तिवारी, जितेंद्र तिवारी, तुलसी राम ठाकुर, ग्रामीण जन एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर दोनों मंदिरों में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



**दरभा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्लाक दरभा में दिव्यांग बच्चों के देखभाल एवं पहचान के लिए 40 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता को ट्रेनिंग दिया गया। जिसमें जनपद पंचायत से मुख्य अतिथि मुकेश वासनिक ने दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । एक दिवसीय कार्यक्रम में 22 प्रकार के दिव्यांग बच्चों की पहचान कर ईलाज एवं हॉस्पीटल कैसे भेजा जाए उसकी जानकारी दी गई। उसके पश्चात प्रिति भोज का आयोजन किया गया। एकता एनजीओ की तरफ से उड़ीसा टीम से पीडीएम मैनेजर नीराकार देवदास, रीतु, अलीवा एवं छत्तीसगढ़ की तरफ से सुकमन, मनकी एवं डॉ हेमन्त के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**पर्व : सुबह से ही मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु, भोलेनाथ की पूजा अर्चना की**

# महाशिवरात्रि पर पूरा क्षेत्र हुआ शिवमय, ब्रह्ममुहूर्त से शुरू हुआ रुद्राभिषेक देर शाम तक चलता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भक्तों ने जल दूध, बेलपत्र एवं धतूरा अर्पित कर लगाया जयकारा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवमंदिर समिति बोधघाट सिंचाई कॉलोनी में दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया गया। पूरे क्षेत्र में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय हो उठा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्ति का भाव देखने को मिल रहा है। प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में 3 बजे से विधि-विधानपूर्वक रुद्राभिषेक का शुभारंभ हुआ, जो प्रातः 11 बजे तक संपन्न हुआ। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र एवं धतूरा अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का पूजन किया। मंत्रोच्चार और वैदिक ध्वनियों के बीच श्रद्धालुओं ने देश, समाज एवं विश्व के कल्याण की कामना की। प्रातः 11 बजे से मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। रामचरितमानस के मंगलमय पाठ से वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। भजन-कीर्तन एवं



स्तुति के माध्यम से सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का सजीव चित्र उपस्थित हो रहा है। श्रद्धालु परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म, संस्कार और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। महोत्सव के अंतर्गत कल सोमवार को अखंड रामायण पाठ के समापन उपरांत दोपहर 1 बजे वैदिक विधि से हवन किया जाएगा। हवन में राष्ट्र की सुख-समृद्धि, सामाजिक समरसता तथा मानव कल्याण हेतू आहुति दी जाएगी। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है।



### दलपत सागर में शिव मंदिर जाने लगी कतार

रियासतकालिन ऐतिहासिक दलपत सागर के बीचों बीच शिव मंदिर है। वहां दर्शन के लिए पहुंचने में लोगों को नाव की सवारी करनी पड़ती है। महाशिवरात्रि पर नगर निगम श्रद्धालुओं के लिए मोटर बोट उपलब्ध कराता है। श्रद्धालुओं को धूप से राहत देने टेंट लगाए गए थे जहां कतार में खड़े होकर लोग नाव की सवारी के लिए जमा हुए।

### शिवालय में पहुंचे श्रद्धालु नाव सेवा की अव्यवस्था से हुए परेशान



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के ऐतिहासिक दलपत सागर स्थित शिवालय में शिव दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालु उत्साह और श्रद्धा के साथ दर्शन के लिए पहुंचे। लेकिन नगर निगम द्वारा संचालित नाव सेवा की अव्यवस्था के कारण गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नाव सेवा संचालित किए जाने की घोषणा तो की गई थी परंतु व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं रहीं। घंटों तक श्रद्धालु नाव की प्रतीक्षा करते रहे। विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएं और ग्रामीण क्षेत्रों से आए भक्तों को अधिक कठिनाई हुई। सीमित नावों के कारण लंबी कतारें लग गईं जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई। इस दौरान वीआईपी दर्शन के लिए अलग नाव सेवा संचालित किए जाने की चर्चा से आम श्रद्धालुओं में असंतोष और बढ़ गया। आरोप लगे कि रसूखदार लोगों को प्राथमिकता दी गई, जबकि सामान्य श्रद्धालु इंतजार करते रहे। महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख धार्मिक पर्व पर इस प्रकार की व्यवस्था ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विजय वार्ड के सेवक गौतम पानीग्राही ने बताया कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए महापौर से हस्तक्षेप का अनुरोध किया गया किंतु स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका।

### भूतेश्वर महाकाल मंदिर में 51 परिवारों ने किया पार्थिव लिंग का सामूहिक अभिषेक

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में भोर से देर रात्रि तक ॐ नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। पड़ोसी राज्य ओड़िशा के सीमावर्ती तीर्थों तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महादेवघाट महादेव मंदिर, सीताराम शिवालय, प्रतापदेव शिवालय, भूतेश्वर महादेव मंदिर, लालबाग शिव मंदिर, कुम्हारपारा के ओंकारेश्वर मंदिर, धरमपुरा झाड़ेश्वर मंदिर एवं चित्रकोट के महादेव मंदिर में सुबह से रात्रि तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। भगवान भोलेनाथ का विशेष रुद्राभिषेक जल, दूध, दही, शहद, घृत, गंगाजल, गन्ना रस, इत्र, पंचामृत, चंदन, भस्म, बेलपत्र, धतूरा, भांग, अक्षत, पुष्प एवं फल अर्पित कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। मंत्रध्वनि और शंखनाद के बीच श्रद्धालुओं ने देश समाज और विश्व कल्याण की कामना की। भूतेश्वर महाकाल मंदिर प्रांगण में 51 परिवारों द्वारा आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के सान्निध्य में पार्थिव लिंग का सामूहिक अभिषेक सम्पन्न हुआ। महापौर संजय पाण्डे सपरिवार उपस्थित रहे।



### लिंगेश्वर धाम में सांसद ने सपरिवार किया जलाभिषेक

महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक रामपाल स्थित लिंगेश्वर बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भक्ति उमड़ पड़ी। इसी क्रम में सांसद महेश कश्यप ने सपरिवार मंदिर पहुंचकर भगवान आशुतोष का विधि-विधान से पूजन-अभिषेक किया और बस्तरवासियों की सुख, समृद्धि एवं आरोग्य की मंगलकामना की। पुजारी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान लिंगेश्वर का दूध, दही, शहद और गंगाजल से जलाभिषेक किया गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और हर-हर महादेव के जयघोष से संपूर्ण परिसर गूंज उठा। उन्होंने महाआरती में भाग लेकर दीप प्रज्वलित किया और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में कतारबद्ध श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए सांसद ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट एवं स्थानीय प्रशासन के साथ परिसर के विकास और दर्शनार्थियों की सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर चर्चा भी की गई। सांसद ने कहा कि रामपाल का लिंगेश्वर धाम क्षेत्र की प्राचीन विरासत और अटूट



आस्था का प्रतीक है। उन्होंने बाबा से प्रार्थना की है कि बस्तर का प्रत्येक कोना विकास की रोशनी से आलोकित हो और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान वैश्विक स्तर पर स्थापित हो।

**वाहन की टक्कर से साइकिल से गिरा**

# सड़क हादसे में ट्यूशन से लौट रहे सातवीं के छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमपुरा मुख्य मार्ग में शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में 13 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। ट्यूशन से घर लौटने के दौरान तेज रफ्तार कार के चालक ने साईकल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

- सीसीटीवी में घटना कैद कार की पुलिस कर रही तलाश

जानकारी के मुताबिक राजीव गांधी वार्ड आकाश नगर निवासी पवन पिल्लाई का पुत्र दक्ष पिल्लाई प्रतिदिन की तरह शाम को ट्यूशन से अपने घर एमपीएम अस्पताल की ओर आने के लिए अपने तीन दोस्तों के साथ साइकिल से एलआईसी रोड महारा समाज भवन की ओर से घर लौट रहा था। इसी दौरान धरमपूरा क्रमांक एक बाजार शेड की दिशा से तेज रफ्तार में आ रही सफेद रंग की अज्ञात क्रेटा कार के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दक्ष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तत्काल उसे एमपीएम अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज में सफेद रंग की क्रेटा कार दिखाई दे रही है लेकिन वाहन का नंबर स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वाहन और चालक की पहचान कर ली जाएगी। बताया जा रहा है कि मृतक दक्ष कक्षा सातवीं का छात्र था और हेम एकेडमी कालीपुर में अध्ययनरत था। परिजनों और शिक्षकों के अनुसार वह पढ़ाई में बेहद होनहार और शांत स्वभाव का बच्चा था। उसके असमय ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नशे में धुत बस चालक ने वाहनों को टक्कर मारी

शनिवार देर शाम हुए एक अन्य हादसे में स्कूटी सवार युवती घायल जानकारी के मुताबिक नशे में धुत चालक ने तेज रफ्तार से बस चलाते हुए सड़क पर खड़ी बाइक को चपेट में ले लिया, जिससे एक युवती घायल हो गई। बस चालक ने नियंत्रण खोने के बाद बस को एक बिजली के खंभे से भी टकरा दिया। घटना के बाद पुलिस ने घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया और बस चालक को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि भारत ट्रेवल्स की बस का चालक हरेंद्र निषाद नशे की हालत में बस चला रहा था।

### चालक पकड़ा गया, बस ले गए थाने

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवती को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा। बस चालक को भी पकड़ लिया गया और बस को कोतवाली थाने ले जाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बस चालक हरेंद्र निषाद नशे की हालत में था जिसके कारण वह बस को ठीक से नहीं चला पा रहा था।

**चित्रकोट महोत्सव के चलते की गई पहल, किसानों में असंतोष**

# बिना सूचना दिए एनिकट से छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- इंद्रावती नदी संघर्ष समिति ने लगाया आरोप

इंद्रावती नदी संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और जल संसाधन विभाग पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इंद्रावती नदी पर बने एनीकेट का गेट किसानों को बिना पूर्व सूचना दिए खोल दिया गया। जिससे नदी का जलस्तर लगातार घट रहा है और सिंचाई पर संकट गहराने लगा है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चित्रकोट महोत्सव के आयोजन के नाम पर एनीकेट से पानी छोड़ा गया है। उनका आरोप है कि यह कदम मुख्य रूप से वीआईपी पर्यटन और जलप्रपात को आकर्षक दिखाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इससे क्षेत्र के किसानों की फसलों और सिंचाई व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग को किसानों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देनी चाहिए, लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना के पानी छोड़ना गैर-जिम्मेदाराना निर्णय है। संघर्ष समिति के अनुसार, पिछले वर्ष भी बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के दौरान इसी तरह पानी छोड़ा गया था, जिसके कारण कई गांवों में सिंचाई प्रभावित हुई थी। किसानों ने तब भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि जब भी एनीकेट का गेट खोला जाए, उससे पहले इंद्रावती प्रभावित गांवों को लिखित सूचना दी जाए। ताकि किसान अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। लेकिन इस ▶▶| शेष पेज 10 पर



### पानी छोड़ने की प्रक्रिया बंद करें

संघर्ष समिति ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और जल संसाधन विभाग से मांग की है कि तत्काल पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए और किसानों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार का निर्णय लेने से पहले प्रभावित क्षेत्रों को पूर्व सूचना देने की अनिवार्य व्यवस्था की जाए।




## खबर संक्षेप




### भोंगापाल में लगा आधार शिविर, 180 नए कार्ड बने

**फरसगांव।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भोगापाल में शनिवार को आधार कार्ड बनाने शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने नए आधार कार्ड बनवाने के साथ-साथ नाम–पता संशोधन, मोबाइल नंबर अपडेट सहित अन्य आवश्यक सुधार कार्यों का लाभ उठाया। शिविर में लगभग 180 लोगों के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा ग्रामीणों के आधार में आवश्यक अपडेट किए गए। स्थानीय ग्रामीण भानु राम नाग व अन्य ने बताया आधार संबंधी कार्यों के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ते थे। इस शिविर के आयोजन से ग्रामीणों को गांव स्तर पर ही सुविधा मिल गई ।ग्रामीणों ने शिविर आयोजन को सरकार की बेहतर पहल है।

### बेलरगांव में जगह जगह कचरे के ढेर

**नगरी।** राष्ट्रीय गौरव ग्राम पंचायत बेलरगांव के मुख्य मार्ग सहित कई स्थानों पर कूड़े-कचरे के ढेर लगे होने से क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मार्ग किनारे रखे गए कूड़ेदानों से कचरा बाहर गिरकर नालियों में गिर रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है। इससे



राहगीरों तथा स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह मुख्य मार्ग अत्यंत व्यस्त है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग, स्कूली बच्चे, आम नागरिक तथा जनप्रतिनिधि गुजरते हैं। इसके बावजूद लंबे समय से सफाई व्यवस्था की अनदेखी होने के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग से गुजरते समय तेज बदबू के कारण उन्हें असुविधा होती है और आसपास रहने वाले परिवारों व दुकानदारों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बन गई है। ग्रामीणों व व्यापारियों ने चिंता जताते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। इस संबंध में सरपंच रीता नेताम ने बताया कि अभी सफाई कर्मी नहीं आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जायेगी।

## पेज 9 के शेष

### सड़क हादसे में....

निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं पूरे मोहल्ले और जान पहचान में शोक की लहर फैल गई है। दक्ष अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था इस घटना के बाद शहर में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की बढ़ती घटनाओं को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### बिना सूचना दिए....

वर्ष भी प्रशासन ने किसानों की मांगों की अनदेखी की है। यदि इसी तरह सभी एनीकेटों से पानी छोड़ा जाता रहा तो आने वाले दिनों में इंद्रावती नदी पर निर्भर किसानों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

पानी घटने से सिंचाई प्रभावितः किसानों का कहना है कि उनकी जीविका पूरी तरह इंद्रावती नदी के जल पर निर्भर है। जलस्तर में अचानक गिरावट से धान सहित अन्य फसलों की सिंचाई प्रभावित होती है, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ता है। ऐसे में प्रशासन की प्राथमिकता किसानों की सुरक्षा और कृषि हितों की रक्षा होनी चाहिए न कि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में असंतोष का माहौल है।

# तकनीकी खामियों के चलते विद्यार्थियों को हो रही परेशानी


## छात्रनेता ने कुलपति से व्यवस्था दुरस्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सांकरा पाटन, दुर्ग में तकनीकी अव्यवस्थाओं के चलते छात्रों का भविष्य संकट में है। विश्वविद्यालय के एमआईएस सिस्टम में खामियों के कारण विद्यार्थियों की आईडी में आवश्यक लिंक प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं, जिससे वे समय पर परीक्षा शुल्क तथा रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं कर पा रहे हैं।

छात्रों का आरोप है कि यूजी एवं पीजी के विद्यार्थियों के क्रेडिट से जुड़ी समस्याओं और जिन छात्रों का विषय पुनर्मूल्यांकन में निकल रहा है एमआईए में सही समय में अपडेट नहीं हो रहा है ना ही एसआरसी जनरेट हो रहा है। अब तक कोई समाधान नहीं किया गया है। स्थिति यह है कि

**समय पर लिंक नही खुलने से परीक्षा शुल्क पटाने में हो रही देरी**



### महीनों से छात्र आर्थिक व मानसिक रूप से हो रहे परेशान

छात्रों का आरोप है कि यदि विश्वविद्यालय का तकनीकी सिस्टम ठीक से कार्य नहीं कर रहा है, तो यह विश्वविद्यालय की प्रशासनिक और तकनीकी विफलता है। यह समस्या केवल एक या दो छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि कई छात्र पिछले कई महीनों से मानसिक और आर्थिक परेशानी झेल रहे हैं। छात्र नेता सार्थक गुप्ता का कहना है कि अगर इस समस्या का अतिशीघ्र समाधान नहीं किया गया तो विद्यार्थी विश्वविद्यालय में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

छात्र कई महीनों से महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। बार-बार आवेदन देने के बावजूद न तो समस्या का स्थायी समाधान हो रहा है और न ही जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट जवाब दे रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी गलती स्वीकार करने के बजाय छात्रों को ही दोषी ठहराता है। कई बार एक सप्ताह का समय दिया जाता है, लेकिन लिंक तीन-चार दिन देरी से खुलता है, जिससे समय-सीमा निकल जाती है। छात्रों ने कुलपति से इस गंभीर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि कुलपति को विश्वविद्यालय के निदेशक शिक्षण विभाग में हो रही गतिविधियों की समीक्षा करनी चाहिए और यह जांच करनी चाहिए कि सिस्टम सही ढंग से क्यों काम नहीं कर रहा है।

## भक्तों ने शिवलिंग पर दुग्ध, शहद, घी, बेलपत्र, पुष्प से किया जलाभिषेक

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर क्षेत्र के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से पूजा अर्चना की गई। शिवालयों में हर-हर महादेव, बोलबम की अनुगूंज के साथ श्रद्घालुओं की विशेष कर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार को सुबह से ही क्षेत्र के श्रद्घालुओं का पूजा-अर्चना के लिए घरों से निकलना शुरू हो गया था जो शाम तक शिव मंदिरों में भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्घालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जगह-जगह भंडारा सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए, जिसमें श्रद्घालुओं ने भक्तिभाव से हिस्सा लिया। क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर फरसगांव नगर के थाना के समीप स्थित शिवालय, तालाब के पास स्थित शिवालय, बिजली कार्यालय परिसर में स्थित शिवालय , नेशनल हाइवे 30 पर स्थित भैरव मोड़ स्थित शिवमंदिर, सोनाबेड़ा के घूमर नदी किनारे स्थित शिवालय सहित आसपास के क्षेत्र में सुबह से ही भक्ति और उल्लास का वातावरण बना हुआ था।

- शिवालयों में दिनभर रहा भक्तिमय माहौल

इस दौरान शिवालय में श्रद्घालुओं ने जल, दुग्ध, शहद, घी, बेलपत्र, पुष्प से अभिषेक कर भक्तिभाव से भोलेनाथ का हवन पूजा की और ब्राह्मण द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर भक्ति भाव से शिव आराधना की गई। इस अवसर पर सभी मंदिरों में भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था, भंडारे में भक्तों को खिचड़ी, खीर पूड़ी, सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्घालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शिवालयो में दिनभर भजन-कीर्तन तथा भोलेनाथ की भक्ति गीतों से माहौल उत्सवपूर्ण बना रहा। वही सुरक्षा और शांति व्यवस्था हेतु पुलिस के जवान तैनात रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ा जनसैलाब देवी–देवताओं की हुई भव्य अगुवाई



**कोण्डागांव।** जिले के केशकाल अनुविभाग अंतर्गत विकासखंड बड़ेराजपुर की ग्राम पंचायत हरवेल में पारंपरिक वार्षिक फुल बाजार मेला आस्था, श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। महाशिवरात्रि पर्व के दूसरे दिन आयोजित इस मेले में आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जिससे मेला परिसर में भारी भीड़ देखने को मिली। मेले में परंपरा के अनुसार 9 गांवों के देवी–देवताओं की विधिवत अगुवाई की गई। देवी–देवताओं को फूल, चावल, चंदन से वंदन कर वाद्य यंत्रें की गूंज के साथ मेला परिसर में भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात गांव की खुशहाली और समृद्धि के लिए शीतला माता मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गई। पूजन कार्यक्रम में माता पुजारी एवं देव समिति के सदस्यों ने विधि–विधान से पूजा सम्पन्न कर ग्रामवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक और सांस्—तिक वातावरण बना रहा। ग्राम पंचायत हरवेल के सरपंच महेश कुमार नेताम ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मेले का आयोजन संतुलित एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। मेले में किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो, इसके लिए सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

### जनप्रतिनिधियों व मेला समिति का रहा विशेष योगदान

इस सफल आयोजन में सरपंच महेश कुमार नेताम, उपसरपंच प्रतिनिधि घड़वा राम मंडावी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश मरकाम, माता पुजारी रामलाल मंडावी सहित पंचायत प्रतिनिधि, देव समिति, मेला समिति पदाधिकारी, युवा संगठन के सदस्य, वालंटियर एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। हरवेल का यह पारंपरिक फुल बाजार मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी सशक्त माध्यम बना, जिसमें ग्रामीणों की सहभागिता सराहनीय रही।

## जोरातराई में मनाया गया वजन तिहार



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई में आंगनबाड़ी केंद्र के तत्वावधान में वजन तिहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं की ऊंचाई एवं वजन का मापन किया गया। गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं का भी वजन कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने छोटे-छोटे बाल गोपालों का वजन कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया तथा बच्चों के समुचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक केजू राम साहू, चुरामन साहू, नंदकुमार साहू, आरएचओ श्रीमती सीमा पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमा वैष्णव, सुखवती साहू, पद्मिनी साहू, जागेश्वरी बंदे, कनक, दुलारी पटेल, ईश्वरी तारक, सुलोचनी साहू, उमा तारक सहायिका, सत्यभामा निषाद, गीतांजलि साहू, नीलम साहू, कुंती तारक, रामेश्वरी निषाद, नंदनी साहू सहित गांव की महिलाओं ने सहभागिता निभाई। लगभग 25 बच्चों की उपस्थिति में आयोजित वजन तिहार को ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक मनाया और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# चना खरीदी : सालभर बाद भी हमालों को भुगतान नहीं

- समितियों को प्रासंगिक व्यय, सुरक्षा व्यय की राशि भी अप्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सालभर बाद भी चना खरीदी में जुटे हमाल, मजदूर सहित अन्य लोगों का भुगतान नहीं किया गया है। अब फिर से चना खरीदी की जा रही है। ऐसे में सहकारी समितियों से विरोध का स्वर उठने लगा है। हमाल, मजदूरों ने चना खरीदी की मजदूरी के साथ समितियों के कमीशन का भुगतान करने की मांग की है।

शासन द्वारा पिछले साल से जिले में चने की खरीदी की जा रही है। पिछले साल जिले के 8 खरीदी केंद्रों में 2 हजार 197 किसानों से 20 हजार 646 क्विंटल 50 किलोग्राम चने की खरीदी की गई थी। इस साल खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। उधर जिले में चना का रकबा भी बढ़ा है। ऐसे में पिछले साल से ज्यादा इस साल खरीदी होने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन जिन लोगों पर चना खरीदी का दारोमदार है, वही कर्मचारी इस साल चना खरीदने से डर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल उन्होंने चने की खरीदी की है, लेकिन इसके एवज में एक रुपए का कमीशन नहीं दिया गया है। मजदूरों और हमालों का भी भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में समितियों में खरीदी को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं।



फाइल फोटो

### भुगतान की मांग

खरीदी केन्द्रों को अभी तक प्रासंगिक व्यय ,सुरक्षा व्यय, हमाली आदि की राशि प्राप्त नहीं हुई है। कई महीनों तक चना का परिवहन नहीं होने से भारी मात्रा में सूखत भी आई थी, जिसका खामियाजा समितियों से वसूला जाना है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह रायपुर हेड ऑफिस कार्यालय बैंक में चना खरीदी को लेकर बैठक हुई थी, जिसमें कर्मचारियों ने इसी मामले को लेकर आवाज जोर-शोर से उठाई थी। दो दिन पहले गूगल मीट का आयोजन कृषि विभाग धमतरी के द्वारा किया गया था। जिसमें समितियों द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि गत वर्ष की राशि का भुगतान नहीं होता है तो वे चने की खरीदी इस वर्ष नहीं करेंगे।

### व्यवस्था में सुधार की मांग

सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि गत वर्ष चना बेचने के बाद महीनों तक किसान भुगतान के लिए भटकते रहे। वे समिति के कर्मचारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। श्री साहू ने पिछले साल का भुगतान शीघ्र करने के साथ व्यवस्था में सुधार करते हुए किसानों को तत्काल पेमेंट करने की मांग की है।

## करेली बड़ी स्कूल में बोर्ड परीक्षा की तैयारी

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 की समय सारिणी घोषित की जा चुकी है। परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक एक ही शिफ्ट में होंगी। कक्षा 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक और 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक होगी। दोनों कक्षा की परीक्षा शुरूआत हिंदी पर्चा के साथ होगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी में परीक्षा सेंटर को लेकर प्रशासन ने छात्रों को शांत और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। परीक्षा केंद्र में साफ-सफाई, बैठने की उचित व्यवस्था,पेयजल, पंखा तथा सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। प्राचार्य कोमल सिंह साहू ने बताया कि सभी कक्ष में प्रकाश, पेयजल और पंखों की व्यवस्था की गई है। छात्रों की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार पर मार्गदर्शन डेस्क भी स्थापित किया गया है। सत्र 2025-26 में कक्षा 12वीं के 49 एवं कक्षा दसवीं के 77 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यवसायी की मौत

## सब्जी बेचकर वापस लौट रहा था तभी कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएच 30 स्थित नगरनार थाना क्षेत्र के माड़पाल मुख्य मार्ग में बीती रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार सब्जी व्यवसायी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया।

जानकारी के मुताबिक हादसे में 35 वर्षीय सोनूराम की मौत हो गई। नगरनार थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मृतक टलनार आवासपारा का निवासी था और सब्जी बेचने के लिए अपनी मोटरसाइकिल पर जगदलपुर गया हुआ था। देर रात लौटते समय एक अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे सोनूराम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन का चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मार्ग में आवाजाही कर रहे लोगों ने नगरनार पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू करते हुए घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी जिसके बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार वाहन चालक की पहचान करने आस पास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

### नहीं थम रहा सड़क हादसा

बीते कुछ घटों में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क हादसों में कई लोगों की मौत हो चुकी है तथा कई लोग घायल हो चुके है। लगातार हादसों में लोग अपनी जान गवां रहे है लेकिन हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। यातायात नियमों की अनदेखी व तेज रफ्तार के चलते लगातार हादसे हो रहे है। भानपुरी के पास हुए सड़क हादसे में बीती शाम कार सवार युवक की मौत हो गई थी। वहीं धरमपुरा के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से मासूम छात्र की मौत हो गई थी।

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत शैक्षणिक भ्रमण में गए विद्यार्थी, नंदनकानन भी घूमे

# बस्तर के नन्हे वैज्ञानिकों ने जाना ओडिशा में ब्रह्मांड का रहस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के विद्यार्थियों के लिए किताबी ज्ञान अब केवल पन्नों तक सीमित न रहकर वास्तविकता के धरातल पर उतर आया है। समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देश पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बस्तर जिले के चयनित विद्यार्थियों को ओडिसा के भुवनेश्वर एवं पुरी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में विज्ञान, गणित, नवाचार और भारतीय संस्कृति के प्रति गहरी समझ विकसित करना रहा। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास को मद्देनजर रखते हुए भ्रमण कराया गया । जिला मिशन परियोजना समन्वयक अशोक पांडे और एबीईओ राजेश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। 20 सदस्यीय दल ने यात्रा के दौरान शिक्षा और मनोरंजन का अनुभव किया। विद्यार्थियों ने नंदनकानन वन्यप्राणी अभयारण्य में शेर, बाघ और सरीसृपों को प्रत्यक्ष देखा। वहीं पुरी के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर और भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर के दर्शन कर विद्यार्थियों ने प्राचीन भारतीय वास्तुकला और धार्मिक परंपराओं के महत्व को जाना। विश्व प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर की स्थापत्य कला और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ने बच्चों को भारत की समृद्ध विरासत पर गर्व करने का अवसर दिया। पुरी बीच पर बिताए समय के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल समुद्री पारिस्थितिक तंत्र और ज्वार-भाटा की प्रक्रिया को समझा, बल्कि प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों के प्रति भी सजगता दिखाई। अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम प्रभारी जयनारायण पाणिग्रही, एसएन निर्मलकर, परमेश्वर पांडे और सहयोगी गीता व फिरोज साथ रहे।







### व्हेल और मगरमच्छ के कंकाल देखे

शुरूआत भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय से हुई। जहां विद्यार्थियों ने विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों और जीव-जंतुओं के जीवाश्मों का अध्ययन किया। विशालकाय व्हेल और मगरमच्छ के कंकालों को देखकर बच्चों ने जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन की अनिवार्यता को समझा।

### प्लेनेटेरियम में ब्रह्मांड और तारों को देख अचंभित हुए बच्चे

पठानी सामंत प्लेनेटेरियम के सत्र ने बच्चों को ब्रह्मांड की उत्पत्ति, तारों के जीवन चक्र और ग्रहों की कार्यप्रणाली के रहस्यों से रूबरू कराया, जो रोमांचक सपने से कम नहीं था। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को और मजबूती देने के लिए दल ने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का रुख किया, जहां जुरासिक पार्क, गणित और दर्पण गैलरी में स्थापित मॉडलों को बच्चों ने प्रयोग करके सीखा। शिक्षक मनीष कुमार अहीर और दीप्ति ठाकुर ने सरल भाषा में विद्यार्थियों को बताया।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान

**रायपुर।** एनटीपीसी द्वारा रायपुर में आयोजित इंडियन पॉवर स्टेशन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनरेशन कंपनी के अंतर्गत संचालित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत केंद्र,(डीएसपीएम) कोरबा पूर्व को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला विद्युत केंद्र सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### उर्वरकों की कीमत बढ़ाना किसान विरोधी निर्णय : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने खेती में उपयोग किये जाने वाले जरूरी उर्वरको एनपीके और पोटाश की कीमतें बढ़ाये जाने के केन्द्र के निर्णय का विरोध किया है। एनपीके की कीमत 1,720 रुपए प्रति बोरी से बढ़ाकर 1,900 रुपए और पोटाश की कीमत 1,500 से बढ़ाकर 1,800 रुपए प्रति बोरी कर दिया गया है। एनपीके की कीमत पिछले दो सालों में 430 रुपए प्रति बोरी बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की दुर्भावना के चलते किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और खेती करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। किसान विरोधी यह सरकार हर बजट में खाद सब्सिडी घटा रही है, जिसका सीधा असर कृषि लागत में दिख रहा है। भाजपा की सरकार किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है।

### पं. श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामा चरण शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा, उन्होंने अपने सादे जीवन, सिद्धांतों और जनसेवा के माध्यम से प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी।

# वर्षगांठ बनी सेवा का उत्सव 'डॉक्टर चाय वाला' ने प्रसूति वार्ड में कराई गर्म पानी व्यवस्था

## माताओं-नवजातों को राहत, अस्पताल में बढ़ी संवेदनशीलता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समाजसेवा को जीवन का उद्देश्य बना चुके "डॉक्टर चाय वाला" के नाम से पहचाने जाने वाले अशोक जायसवाल ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को अनूठा रूप देते हुए सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने महारानी अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल के प्रसूति वार्ड में माताओं और नवजात शिशुओं की सुविधा के लिए गीजर लगवाकर गर्म पानी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित कराई।

इस पहल से अब वार्ड में भर्ती महिलाओं को विशेषकर ठंड और रात्रि समय में राहत मिलेगी। अस्पताल में प्रसव के बाद स्वच्छता,शिशु देखभाल और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए गर्म पानी अत्यंत आवश्यक माना जाता है, जिसकी कमी अक्सर मरीजों के लिए परेशानी का कारण बनती थी।



**सेवा से उत्सव मनाने की प्रेरक पहल**

वैवाहिक वर्षगांठ पर गीजर स्थापना के माध्यम से प्रसूति वार्ड में चौबीसों घंटे गर्म पानी की सुविधा सुनिश्चित हुई, जिससे माताओं की स्वच्छता,नवजातों की देखभाल और संक्रमण से बचाव में मदद मिलेगी। अस्पताल आने वाले परिजनों की परेशानी कम होगी और यह संदेश जाएगा कि निजी खुशी को सामाजिक दायित्व से जोड़कर छोटी पहल भी बड़ी राहत बन सकती है, बशर्ते समाज आगे बढ़कर सहयोग की भावना अपनाए।

अशोक जायसवाल ने कहा कि वर्षगांठ केवल व्यक्तिगत उत्सव नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी है। यदि छोटे प्रयास से किसी माँ को आराम और किसी नवजात को सुरक्षा मिलती है तो वही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने जीवन के विशेष अवसरों को सेवा से जोड़ें।

अस्पताल प्रबंधन ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ समाज में सहयोग और मानवीय संवेदना की भावना भी बढ़ाते हैं। नागरिकों और संस्थाओं के लिए यह एक प्रेरक उदाहरण है। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक जायसवाल उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर नगर व आसपास में स्थित शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

# तुलार गुफा व गुमरगुंडा शिवालय, समलूर गुमडा में लगा भक्तों का मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर व आसपास के शिव मंदिरों सहित गुमरगुंडा, समलूर, मड़से, गुमड़ा व बारसूर सहित तुलार वाले बाबा के दरबार मे दिन भर महादेव भक्तों का तांता लगा रहा। गीदम ब्लॉक से लगे हुए बीजापुर जिले के अबूझमाड़ जैसे अंदरूनी क्षेत्र में स्थित तुलार गुफ़ा अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने के कारण श्रदालु यहां दुपहिया वाहन और पैदल ही पहुंचे। नगर से लगे गुमरगुंडा व समलूर स्थित शिव मंदिर में व गुमड़ा में स्थित डाकिया भीमाशंकर शिवालय, बत्तीसा मंदिर बारसूर में अपने आराध्य के दर्शन के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। गुमरगुंडा शिव मंदिर में मंदिर के मुख्य द्वार तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही है। गौरतलब हैं कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। पुराणों के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की शादी हुई थी। महाशिवरात्रि प्रति वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए महाशिवरात्रि को बहुत खास माना गया है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शंकर की मूर्ति या शिवलिंग को पंचामृत से स्नान कराकर लोटे से जल चढ़ाया जाता है। फिर चंदन का तिलक लगाकर, बेलपत्र, भांग, धतूरा, जायफल, कमल गट्टे, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र चढ़ाया जाता हैं। माना जाता है कि इस दिन पूजा-पाठ करने से दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है साथ ही, अविवाहितों को मनपसंद जीवनसाथी मिलता है।

### 195 बटालियन ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना तथा भंडारा का किया आयोजन



**गीदम।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 195 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, बारसूर द्वारा सातधार स्थित शिव मंदिर में स्थानीय नागरिकों तथा जवानों के साथ पूजा-अर्चना तथा भंडारा का आयोजन किया गया। पूजा में निकटवर्ती गॉव जैसे कि सडार, मांढेरनाला, हितालकुडुम, बेंगलूर, बारसूर, कोयम, हितामेटा इत्यादि के निवासी भी शामिल हुए तथा मिलकर इस आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। पुजा के समापन के उपरान्त भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने प्रसाद स्वरुप भोजन ग्रहण किया। अनिल कुमार सिंह, कमाण्डेन्ट-195 बटालियन द्वारा इस पावन अवसर पर उन सभी का सम्मान किया गया एवं सभी को यह संदेश दिया कि 195 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रामीणों की सुरक्षा तथा अपने जिम्मेदारी के ईलाके में शाति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह, कमाण्डेन्ट-195 बटालियन, के साथ, सुभद्रा नेगी नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर एवं सुभाष चंद प्रसाद द्वितीय कमान अधिकारी, डा. अनिल कुमार भारती, सीएमओ, संजीव कुमार यादव सहायक कमाण्डेन्ट, निरीक्षक/जीडी (सुबेदार मेजर) मुकेश कुमार एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे । वाहिनी की कंपनीयों में भी पूजा-अर्चना एवं भंडारा का आयोजन स्थानीय नागरिकों एवं जवानों के साथ बड़े धूम-धाम के साथ किया गया।

# रुद्रारम पंचायत ने दी थी अनापत्ति प्रमाण पत्र

**खास बातें**

- रकबा कम इसलिए जनसुनवाई की जरूरत नहीं
- कुचनूर कोरंडम खदान को मिली वैध पर्यावरण स्वीकृति
- विधायक के आरोप को खनिज विभाग ने किया तथ्य देकर किया खारिज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

जिला खनिज अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम कुचनूर के कोरंडम खदान के संबंध में उठाए गए प्रश्नों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत की है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग के आदेश 2 फरवरी 2021 के तहत छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को जिला बीजापुर के तहसील भोपालपटनम अंतर्गत वनमंडल बीजापुर के कक्ष क्रमांक 560 नया कक्ष क्रमांक 826 कुनकुर कोरंडम खदान के 3.70 हेक्टेयर क्षेत्र में खनिज कोरंडम के उत्खनन की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम पंचायत रुद्रारम एवं जनपद पंचायत भोपालपटनम के प्रस्ताव 25 मार्च 2011 के अनुसार खदान संचालन हेतु अनापत्ति प्रस्ताव सर्वसम्मति से जारी किया गया था।

पर्यावरणीय नियमों के तहत 5.0 हेक्टेयर से अधिक या क्लस्टर खदानों के लिए जनसुनवाई आवश्यक होती है, जबकि संबंधित खदान क्षेत्र 5.0 हेक्टेयर से कम है और क्लस्टर में शामिल नहीं है। राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़, रायपुर ने ईसी नंबर 20 दिसंबर 2025 के तहत ईआईए नोटिफिकेशन 2006 के प्रावधानों के अनुसार पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने पत्रवार्ता में ग्राम सभा की अनुमति नहीं लेने और जनसुनवाई नहीं करने का आरोप लगाकर कोरण्डम खदान देने पर आपत्ति की थी। इसी आरोप के जवाब में खनिज विभाग ने तथ्य के साथ जवाब देकर आरोप को सिरे से खारिज किया है।

# स्पोर्ट्स एकेडमी बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं ग्रामीण युवाओं को सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से मिनी स्टेडियम, बीजापुर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आज भव्य समापन हुआ। 12 एवं 13 फरवरी को आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले की 28 टीमों के बीच रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम विजेता घोषित हुई। द्वितीय स्थान पर गंगालूर की टीम रही, जबकि अम्मा मार्केटिंग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें प्रथम स्थान 51 हजार एवं ट्रॉफी, द्वितीय स्थान 21 हजार एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान 11 हजार एवं ट्रॉफी। व्यक्तिगत पुरस्कार खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नागेश पेरमा, बेस्ट अटैकर सुधाकर सोढ़ी, बेस्ट लिफ्टर रोहित मिंज, बेस्ट ब्लॉकर सीनू हेमला उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य खिलाड़ियों को भी आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी एवं नीना रावतिया उद्दे, जनपद अध्यक्ष उसूर पूर्णिमा तेलम, कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ 219 वीं बटालियन ने पुलवामा के वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

सीआरपीएफ मुख्यालय 219 वीं बटालियन ने इंजराम में कर्मवीर सिंह यादव, द्वितीय कमान अधिकारी कमाण्डेन्ट एओएल के नेतृत्व में पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर अपने 40 बहादुर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । ज्ञात हो कि 2019 में आज ही के दिन राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।

सीआरपीएफ 219 वीं बटा. के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीदों के नाम अंकित शिलाखंड पर पुष्पचक्र अर्पित किए। बल के जवानों ने 'शोक शस्त्र' की मुद्रा में खड़े होकर अपने साथियों को सम्मान दिया और दो मिनट का मौन धारण किया एवं सभी रैंक के कर्मियों ने आतंकवाद के खात्मे और आंतरिक सुरक्षा को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली। कमाण्डेन्ट-ए.ओ.एल 219वीं बटालियन के द्वारा संदेश दिया गया पुलवामा के शहीदों का बलिदान सीआरपीएफ के गौरवशाली इतिहास का एक अभिन्न अंग है। उनकी वीरता हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र की सुरक्षा की कीमत क्या है। हम न केवल उन्हें याद करते हैं, बल्कि उनके परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। सीआरपीएफ इस बात पर जोर देता है कि 14 फरवरी केवल एक दुखद दिन नहीं है, बल्कि यह हमारे जवानों के अदम्य साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। बल 'सेवा और निष्ठा' के अपने आदर्श वाक्य पर चलते हुए देश की अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। समारोह में अनुराग राज द्वितीय कमान अधिकारी कानाराम चौधरी सहा. कमाण्डेन्ट एवं डॉ. मोहम्मद इब्राहिम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के साथ सभी कार्मिक धीनस्थ अधिकारी मौजूद रहे।



# लंबित मांगों पर मिला सकारात्मक पहल का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सांसद के साथ बैलाडिला और नगरनार मजदूर संघ के लोग मिले इस्पात मंत्री से



भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल, बचेली एवं नगरनार इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने बस्तर सांसद महेश कश्यप के नेतृत्व में केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से नई दिल्ली निवास पर मुलाकात की। उन्हें अवगत कराया गया कि श्रम संघ की पहल एवं एनएमडीसी के श्रमिकों की जागरूकता के कारण कुछ ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी को आहूत की गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ा। अन्य यूनियन द्वारा प्रबंधन को हड़ताल की नोटिस दी गई थी। वहीं खदान मजदूर संघ किरंदुल, बचेली एवं नगरनार इस्पात मजदूर संघ द्वारा कार्य पर आने की लिखित सूचना दे दी गई थी। कार्यक्षेत्र में लगातार श्रमिकों को नए श्रम संहिता जिनमें आज की तारीख में अप्रासांगिक हो चुके 29 अलग अलग जटिल पुराने कानून के एवज में 4 नवीन एकीकृत लेबर कोड वेतन संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता, औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता के बारे में जागरूक किया गया। उत्पादन ठप्प किये जाने से श्रमिक, उद्यम एवं राष्ट्र को होने वाले नुकसान की जानकारियां प्रदान की गई। परिणीति यह हुई कि जिन्होंने हड़ताल की लिखित सूचना दी थी, उन्हें भी कदम वापस खींचते हुए उत्पादन के लिए बाध्य होना पड़ा। श्रम संघ की पहल पर एनएमडीसी के श्रमिकों ने उत्पादन हेतु सहयोग प्रदान किया है। अब समय है लंबित पुनरीक्षित वेतनमान को शीघ्र लागू करवाने का निवेदन मंत्री से किया गया। संघ के पदाधिकारियों द्वारा औद्योगिक अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप यूनियन को मान्यता प्रदान करने तथा क्षेत्रीय श्रम आयुक्त द्वारा जारी पत्र के अनुसार गुप्त मतदान प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता के लिए ट्रेड यूनियन सदस्यता सत्यापन हेतु आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, दानेश्वर जोशी, बचेली शाखा के सुरेश तामो, मनीलाल देवांगन, नगरनार इस्पात मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गा चरण ने धनतेरस पर अनुमानित एरियर की अग्रिम राशि के रूप में कर्मचारियों को राहत प्रदान करने सार्थक पहल के लिए सांसद का आभार व्यक्त किया।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./क/ब 121/2025-2026

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरपत बघेल पिता फूलसिंह जाति माड़िया निवास ग्राम पिपलावण्ड द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके दादा स्व. गंगाधर पिता लखमु बघेल की मृत्यु दिनांक 16/02/2016 को ग्राम पिपलावण्ड में होना बताते हुए मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 27/02/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

(मुहर) **तहसीलदार बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./क/ब 121/2025-2026

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरपत बघेल पिता फूलसिंह जाति माड़िया निवास ग्राम पिपलावण्ड द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके माता स्व. फूलो बघेल पति फूल सिंह की मृत्यु दिनांक 18/02/2023 को ग्राम पिपलावण्ड में होना बताते हुए मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 27/02/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

(मुहर) **तहसीलदार बस्तर**

# राष्ट्रीय मंच पर गूंजा प्रथा का सुर, मिली शाबासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- संगीतकारों व कलाकारों की मौजूदगी में हुआ सम्मान

स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की गायन प्रतियोगिता में देशभर से आए कलाकारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जगदलपुर की प्रतिभावान गायिका प्रथा दुबे ने अपनी मधुर प्रस्तुति से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रथा दुबे की भावपूर्ण गायकी ने श्रोताओं और निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में प्रथम कोरबा के भव्य देवांगन तथा द्वितीय रांची की सोनम पाठक ने प्राप्त किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह,प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### परमानंद अध्यक्ष और सचिव बने नरेंद्र



जगदलपुर। घाटपद्मुर में पनारा (मरार) समाज की कोर कमेटी की बैठक में जगदलपुर, बकावंड, बस्तर , तोकापाल, दरभा एवं नानगुर तहसील से समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। शुभारंभ मां भगवती शांकभरी माता की पूजा अर्चना से हुई। परमानंद पटेल ने आदर्श सामाजिक आचरण नियमावली का प्रस्ताव को पढ़कर सुनाया। इसे पढ़ने के दौरान सदस्यों ने प्रस्ताव के प्रति सहमति एवं आवश्यक सुझाव दिए। जिला समिति का गठन सर्व सम्मति से किया गया। जिसमें संरक्षक निलधर पटेल नानगुर, अध्यक्ष परमानंद पटेल घाटपदमुर, उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, बस्तर उपाध्यक्ष जलेंद्र पटेल मंगनार, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नाथ पटेल बड़ेकवाली, सचिव नरेन्द्र पटेल आमागुडा, कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल राव घाटपदमूर, कोषाध्यक्ष कार्तिक पटेल रायकोट को मनोनीत किया गया।

### पंकज बने भाजपा आईटी सेल के संभाग प्रभारी



जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी आईटी सेल ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से पंकज आचार्य को संभाग प्रभारी नियुक्त किया है। वे पूर्व में नगर मंत्री युवा मोर्चा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, सोशल मीडिया प्रभारी, जिला कार्यालय मंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आईटी सेल एवं विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। नियुक्ति पर पंकज ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# विश्वविद्यालय की अव्यवस्थाओं पर छात्र संगठन का प्रहार

## आई-कार्ड व परीक्षा अंतराल को लेकर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में छात्रों से जुड़ी विभिन्न शैक्षणिक अनियमितताओं को लेकर कुलपति प्रो मनोज श्रीवास्तव को मांगपत्र सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की है। संगठन का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और भविष्य पर पड़ रहा है।

अभाविप ने आरोप लगाया कि प्रवेश के समय विद्यार्थियों से परिचय पत्र (आई-कार्ड) के नाम पर शुल्क लिया जाता है, लेकिन कई वर्षों से विद्यार्थियों को कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे पुस्तकालय, परीक्षा एवं अन्य शैक्षणिक कार्यों में छात्रों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है। संगठन ने इसे छात्रहित के विरुद्ध बताते हुए जिम्मेदारी तय करने की मांग की।

संगठन ने बताया कि विज्ञान संकाय में गणित व भौतिकी तथा कला संकाय में अंग्रेजी,अर्थशास्त्र,समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान की परीक्षाएं लगातार रखी जा रही हैं। साथ ही कई महाविद्यालयों में अभी तक प्रायोगिक परीक्षाएं भी नहीं हुई हैं, जिससे विद्यार्थियों को तैयारी का पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा। मुख्य विषयों के बीच कम से कम 2-3 दिन का अंतर रखने की मांग की गई है ताकि छात्र बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद सदस्य एवं बस्तर विभाग संयोजक शैलेष ध्रुव, विश्वविद्यालय मंत्री प्रेम सागर, अश्विन पिल्ले, ऋतिक, प्रशांत,टेमन, नूशांत, जय, गौरव, राहुल, माही शर्मा, श्वेता शुक्ला, प्रियंका, मेघा, तनुश्री, मोनिका सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### छात्रहित को लेकर प्रमुख मांगें

अभाविप ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि परिचय पत्र वितरण की समयबद्ध व्यवस्था बनाई जाए, सभी विषयों की परीक्षाओं के बीच न्यूनतम 2-3 दिन का अंतर अनिवार्य किया जाए, लंबित प्रायोगिक परीक्षाओं की त्वरित तिथि घोषित हो, परीक्षा समय-सारणी बनाते समय विद्यार्थियों की तैयारी अवधि को प्राथमिकता दी जाए तथा भविष्य में शैक्षणिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्थायी निगरानी तंत्र बनाया जाए ताकि विद्यार्थियों को बार-बार आंदोलन का सहारा न लेना पड़े।

## पुलवामा आतंकी हमले के अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

# शौर्य, त्याग और समर्पण को नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीद हुए मां भारती के अमर वीर सपूतों की पावन स्मृति में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने बस स्टैंड गीदम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा उनके शौर्य, त्याग और समर्पण को नमन करना था। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शहीद वीर जवानों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर विशेष रूप से विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, 231 सीआरपीएफ बटालियन गीदम के अधिकारी एवं जवान, गीदम पुलिस के अधिकारी एवं जवान, सम्मानित व्यापारी गण एवं समस्त नगरवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पुलवामा में हुआ आतंकी हमला पूरे देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक एवं निंदनीय घटना थी। हमारे वीर जवानों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जिसका ऋण देश कभी नहीं चुका सकता। उन्होंने कहा कि देश सदैव अपने शहीदों के बलिदान को स्मरण रखेगा और उनकी शहादत से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ करने का संकल्प लेगा।



### दो मिनट का मौन रखकर किया याद

जगदलपुर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले पर हुए आत्मघाती आतंकी हमले की बरसी पर 80 बटालियन सीआरपीएफ ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस हमले में 40 से अधिक जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, जिसने पूरे राष्ट्र को शोक और आक्रोश से भर दिया था।

14 फरवरी को 80वीं वाहिनी कैंप परिसर जगदलपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। तत्पश्चात शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की सुरक्षा में उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक एस अरुल कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी सुबीर राय सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# जन चौपाल में दी केंद्रीय बजट की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के शहर पूर्वी मंडल एवं पश्चिमी मंडल द्वारा वार्ड स्तर पर लगातार जन चौपाल आयोजित कर नागरिकों को केंद्रीय बजट तथा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इन चौपालों में बड़ी संख्या में वार्डवासी भाग लेकर योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

■ विकास योजनाओं का लाभ लेने नागरिकों से की अपील

शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा,महाराणा प्रताप,शहीद गुंडाधुर तथा माँ दंतेश्वरी शक्ति केंद्रों में आयोजित कार्यक्रमों में वक्ताओं ने कहा कि सबका साथ,सबका विकास की भावना के साथ हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों, युवाओं,महिलाओं एवं कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधानों के साथ तकनीक आधारित विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया ताकि बजट व्यवहारिक और लाभकारी बन सके।

वक्ताओं ने कहा कि भारत की विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर चलाई जा रही योजनाएँ जीवन स्तर सुधारने, गरीबी कम करने तथा शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। नागरिकों से इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने और विकास कार्यों में सहभागी बनने का आग्रह किया गया।

कार्यक्रमों में विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे, जिनमें सुधीर पांडे, श्रीनिवास मिश्रा, वेदप्रकाश पांडे, श्रीधर ओझा, रजनीश पानीग्राही, सफीरा साहू, नरसिंग राव, अविनाश श्रीवास्तव तथा प्रकाश झा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित रहे।

### संवाद बढ़ी सहभागिता

जन चौपाल के माध्यम से पार्टी द्वारा वार्ड स्तर पर प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को योजनाओं की जानकारी सीधे मिल रही है और शंकाओं का समाधान भी मौके पर हो रहा है। आयोजकों के अनुसार इससे शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, हितग्राहियों को आवेदन प्रक्रिया समझ में आ रही है और स्थानीय समस्याओं को भी चिन्हित करने में मदद मिल रही है। नियमित चौपालों से सहभागिता बढ़ने के साथ विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की उम्मीद जताई गई है।

# पेंशनर हितों पर मंथन, संगठन विस्तार पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक संभागीय कार्यालय तेतरकुटी में आयोजित की गई,जिसमें पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत आगंतुक प्रांतीय पदाधिकारियों के स्वागत एवं सम्मान से हुई।

■ मासिक बैठक में नई सदस्यता बढ़ाने का संकल्प

बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने,अधिक से अधिक पेंशनरों को जोड़ने तथा सामूहिक प्रयासों से अधिकारों की रक्षा करने पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठित पेंशनर ही अपनी समस्याओं का प्रभावी समाधान प्राप्त कर सकते हैं। बीते एक माह में बड़ी संख्या में नए सदस्यों के जुड़ने को संगठन की सक्रियता का परिणाम बताया गया।

संघ पदाधिकारियों ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए पारदर्शिता बनाए रखने की बात कही। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए लागू सुविधाओं की जानकारी दी गई और सभी सदस्यों से उनका लाभ लेने का आग्रह किया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि बैंकिंग अथवा स्वास्थ्य सुविधा में आने वाली कठिनाइयों को संघ के माध्यम से संबंधित विभागों तक पहुंचाकर निराकरण कराया जाएगा।

बैठक के अंत में सभी पेंशनरों से प्रत्येक माह की 10 तारीख को नियमित उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे, जिनमें पीएन सिंह, कृष्णा महतो, योगेश वर्मा, जेआर ध्रुव, गणेश राम साहु, जगदीश सिंह बामल, जीएस पांडे,जी शाही, केआर रात्रे,डीडी सिंह, अनन्त महंतो, आनंद सिंह भदोरिया, राजेन्द्र सिंह चौहान, आरएस सूर्यवंशी, पदमनाथ निषाद, एसआई अली तथा जगदीश साहू शामिल रहे।

# अनुकम्पा नियुक्ति में बड़ा खेल, पात्र बाहर-अपात्र भीतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय सेवा में अनुकम्पा नियुक्ति के उद्देश्य और नियमों को दरकिनार कर जनपद एवं जिला पंचायत जगदलपुर में वर्षों से बड़े पैमाने पर अनियमितताएं किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। जांच में यह तथ्य स्पष्ट हुआ है कि जिन परिवारों के सदस्य पहले से शासकीय सेवा में कार्यरत थे अथवा पेंशन के पात्र थे,उन्हें भी नियमविरुद्ध रूप से अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर दी गई। इसके विपरीत,जिन मामलों में वास्तविक पात्रता थी,वहां जानबूझकर नियुक्ति नहीं दी गई।

■ दस वर्षों से दबा प्रतिवेदन, आरटीआई से खुला मामला



जांच के दौरान यह सामने आया कि जनपद पंचायत जगदलपुर में ऐसे कई प्रकरण हैं,जहां मृतक कर्मचारी के परिवार में पहले से शासकीय सेवक मौजूद होने के बावजूद अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। किसी मामले में पिता की मृत्यु के बाद पुत्र को फॉरेस्ट विभाग में नियुक्ति दी गई,तो कहीं माता की मृत्यु के उपरांत पुत्र को पंचायत विभाग में पदस्थ कर दिया गया,जबकि दूसरे अभिभावक पहले से शासकीय सेवा में कार्यरत थे। कुछ मामलों में तो चतुर्थ श्रेणी के स्थान पर सीधे तृतीय श्रेणी पद पर नियुक्ति दी गई, जो स्पष्ट रूप से नियमों के विरुद्ध पाई गई। जांच में यह भी उजागर हुआ कि एक प्रकरण में मृतक को सेवा से निष्कासित किए जाने के बावजूद उसकी मृत्यु के बाद अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर दी गई,जबकि नियमों के अनुसार ऐसी स्थिति में अनुकम्पा नियुक्ति की कोई पात्रता बनती ही नहीं। इसी तरह शिक्षक,पंचायत विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों में नियुक्तियां दी गईं,जबकि परिवार के अन्य सदस्य स्वास्थ्य विभाग,खेल एवं युवक कल्याण विभाग,पुलिस और शिक्षा विभाग में पहले से शासकीय सेवा में कार्यरत पाए गए।

### रुद्र नारायण को मिलेगा सरस्वती सम्मान



जगदलपुर। बस्तर की साहित्यिक परंपरा के लिए गौरव का क्षण सामने आया है। शहर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं इतिहासकार रुद्र नारायण पाणिग्रही को 'सरस्वती सम्मान 2026' से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान उन्हें आंचलिक साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और साहित्य सृजन के माध्यम से क्षेत्रीय संस्कृति और इतिहास को समृद्ध करने के लिए प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 21 फरवरी 2026 को विमतारा ऑडिटोरियम,शांति नगर रायपुर में आयोजित सरस्वती साहित्य महोत्सव के दौरान प्रदान किया जाएगा। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की साहित्यिक,सांस्कृतिक और संगीत क्षेत्र की प्रतिष्ठित विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर पालक-शिक्षक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



विकासखंड बस्तर के शासकीय हाई स्कूल टाकरागुड़ा में आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर ग्राम स्तर पर पालक-बालक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा के प्रति ग्रामीणों की जागरूकता और गंभीरता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। ग्रामीण परिवेश के बीच इमली के पेड़ की छांव में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में पालक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी को सुदृढ़ करना और पालकों को इस प्रक्रिया से सीधे जोड़ना रहा।

बैठक में बोर्ड परीक्षा की रूपरेखा, प्रश्नों के प्रकार और तैयारी की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को छोटे प्रश्नों, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों, रिक्त स्थान पूर्ति और सही जोड़ी मिलान जैसे प्रश्नों की तैयारी के आसान तरीके समझाए गए,जिससे वे परीक्षा में आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन कर सकें। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन,सतत अभ्यास और समय प्रबंधन का महत्व बताते हुए प्रातःकालीन अध्ययन को विशेष रूप से उपयोगी बताया।

# बच्चों ने चरण धोकर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्राथमिक शाला खैरगुड़ा में मातृ-पितृ दिवस उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के चरण धोकर तिलक लगाया, उनका पूजन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर में भावुक और आत्मीय वातावरण निर्मित कर दिया।

■ खैरगुड़ा प्राथमिक शाला में मातृ-पितृ दिवस का भावुक आयोजन

बच्चों ने अपने अभिभावकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए गीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पारिवारिक संस्कारों का महत्व समझाते हुए बताया कि माता-पिता जीवन के प्रथम गुरु होते हैं और उनके सम्मान से ही व्यक्तित्व का सही विकास संभव है।



कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने साथ-साथ भाग लेकर आनंद लिया। अंत में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता को गले लगाकर कार्यक्रम का समापन किया और सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में उपस्थित जनों में छन्नूराम मंडावी, इंदूबाई, उर्धेश्वर ठाकुर, हेमकुमार, बालमती, धनीराम, कुसुमलता, हेमबती, जयंती, मोहनबती, गोमती ठाकुर, बसंत नाग, लोकनाथ, बोगलू तथा नीलम सहित अनेक अभिभावक शामिल रहे।

विद्यालय परिवार ने बताया कि मातृ-पितृ दिवस का उद्देश्य केवल एक आयोजन नहीं बल्कि बच्चों में संस्कार, सम्मान और कृतज्ञता की भावना विकसित करना है। आधुनिक जीवनशैली में परिवार के साथ संवाद कम होता जा रहा है, ऐसे कार्यक्रम बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और परिवार के महत्व का बोध कराते हैं।




आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु कांकेर एवं जगदलपुर जिलों में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000

दिनांक - 14 फरवरी से 17 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

Resume Whatsapp करें
90983 24969
91318 93124

ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर